AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि: परास्नातक में प्रवेश के लिए 15 जून तक करें आवेदन

मिशन एडमिशन: 40 विभागों के 73 कोर्सों में 5062 सीटों पर ले सकेंगे प्रवेश

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विवि ने बृहस्पतिवार से परास्नातक प्रोफेशनल और सामान्य पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थी लविवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव के मुताबिक, परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया के तहत विवि के 40 से अधिक विभागों में संचालित 73 कोर्सों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसमें करीब 5062 सीटें हैं।

उन्होंने बताया कि परास्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में शामिल एमएड, बीपीएड, एमपीएड, एमबीए व एमटीटीएम के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। जो महाविद्यालय केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होंगे, उनके यहां की सीटों पर प्रवेश भी विवि ऑनलाइन माध्यम से करेगा। आवेदन के लिए एलयूआरएन पंजीकरण अनिवार्य होगा।

■ **यह होगा आवेदन शुल्क :** प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, विभिन्न परास्नातक पाठ्यक्रमों के साथ ही एलएलएम और एलएलबी के सामान्य, ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों का आवेदन शुल्क एक हजार व एससी-एसटी वर्ग के लिए पांच सौ रुपये होगा। पीजी मैनेजमेंट पाठ्यक्रम एमबीए व एमटीटीएम और एमएड, एमपीएड व बीपीएड पाठ्यक्रम में सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 1600 रुपये और एससी-एसटी वर्ग के लिए 800 रुपये होगा।

■ **टोल फ्री नंबर पर करें कॉल :** वेदन फॉर्म भरने में समस्या आने पर विद्यार्थियों के लिए लविवि ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। सुबह 10 से शाम 6 बजे तक अभ्यर्थी 0522-4150500 पर कॉल कर जानकारी ले सकते हैं। वेबसाइट पर भी जानकारी जुटा सकते हैं।

■ **72 घंटे से पहले दोबारा न जमा करें फीस :** ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी फॉर्म भरने के पूर्व एडमिशन वाउचर में दिए सभी निर्देश पढ़ें। अभ्यर्थी की फोटो व साइन की स्कैन कॉपी 50 केबी की हो। अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ लेना है तो प्रमाणपत्र की स्कैन कॉपी 50 केबी की होनी चाहिए। प्रवेश फॉर्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद अभ्यर्थी 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें।

■ **भाषा विवि : यूजी-पीजी में आवेदन शुरू :** भाषा विवि ने बृहस्पतिवार से प्रवेश के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. सौबान सईद के मुताबिक, छात्र विवि की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर जाकर समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। सामान्य, ओबीसी, और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये, एससी-एसटी के 250 रुपये निर्धारित है। आवेदन प्रक्रिया में किसी तरह की समस्या आने पर छात्र प्रवेश कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

■ **एमबीए में 640 सीटें :** लविवि में एमबीए पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए कुल 640 सीट हैं। इसमें व्यावसायिक प्रशासन विभाग (लुम्बा) में नियमित 60, सेल्फ फाइनेंस मोड पर 120 सीट हैं। वाणिज्य विभाग के एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग में 60 सीट हैं। नवीन परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) में एमबीए एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस, मार्केटिंग व फाइनेंस एंड कंट्रोल की कुल 420 सीट हैं।

■ **आचार्य में 20 और लाइब्रेरी साइंस में 65 सीटें :** एलयू में आचार्य की 20 सीट पर प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। लाइब्रेरी साइंस में बैचलर व मास्टर की कुल 65 सीट पर आवेदन शुरू हो गए हैं।

■ **एमकॉम की 360 सीटें :** एलयू के वाणिज्य विभाग में एमकॉम की कुल 360 सीटें हैं। इसमें एप्लाइड इकनॉमिक्स व कॉमर्स की नियमित 100-100 और सेल्फ फाइनेंस में 80-80 सीटें हैं।

■ **एमएससी के 20 विषयों में कुल 867 सीटें :** एमएससी मानवशास्त्र की 10, एप्लाइड जियोलॉजी 25, बायोकेमेस्ट्री में नियमित 25 और सेल्फ फाइनेंस 10, बायोस्टेटिस्टिक्स 20, बायोटेक्नोलॉजी 30, वनस्पति विज्ञान रेगुलर 50 और सेल्फ फाइनेंस 50, रसायन विज्ञान रेगुलर 80 और सेल्फ फाइनेंस 30, कंप्यूटर साइंस 20, एनवायरमेंटल साइंस 40, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी 40 सीट हैं। एमएससी फॉरेंसिक साइंस 20, भूगर्भ विज्ञान 30, गणित 120, माइक्रोबायोलॉजी 35, मॉलिक्यूलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स 25, भौतिकशास्त्र 72, रिन्यूबल एनर्जी 30, सांख्यिकी रेगुलर 15 और सेल्फ फाइनेंस 15, प्राणिशास्त्र 50 और योगा में 25 सीट हैं।

■ **परास्नातक पाठ्यक्रमों का सीट वार विवरण :** एमए के 35 विषयों पर 2,126 सीटें, एमए प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व की 180, मानवशास्त्र 30, अरब कल्चर 30, अरेबिक 30, बायोसेटिस्टिक्स 10, बिजनेस इकनॉमिक्स 60, कंपोजिट हिस्ट्री 40, क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन 40, रक्षा अध्ययन 25, अर्थशास्त्र नियमित 120 और सेल्फ फाइनेंस 60, शिक्षाशास्त्र 30, अंग्रेजी 200, फॉरेंसिक साइंस 20, फ्रेंच 10, भूगोल 60, हिंदी 160, गृह विज्ञान 40, पत्रकारिता एवं जनसंचार 50 और ज्योतिर्विज्ञान में 20 सीट हैं। एमए लिंग्विस्टिक 30, गणित 15, एमआईएच 90, पर्शियन 20, दर्शनशास्त्र 40, राजनीति विज्ञान 120, मनोविज्ञान नियमित 40 और सेल्फ फाइनेंस 30, लोक प्रशासन 85, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस 30, संस्कृत 60, समाजशास्त्र 120, सांख्यिकी रेगुलर और सेल्फ फाइनेंस की पांच-पांच, उर्दू 130, वेस्टर्न हिस्ट्री 36, महिला अध्ययन 30 और योगा की 25 सीट पर आवेदन लिए जा रहे हैं।

NBT PAGE 5

LU: पीजी दाखिले के लिए आवेदन शुरू

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** एलयू की केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के तहत समर्थ पोर्टल के जरिए रजिस्ट्रेशन और परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फॉर्म की शुरुआत हो गई है। इच्छुक कैंडीडेट 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। एलयू व संबद्ध महाविद्यालयों में जिन विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना है, उन्हें LURN पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। शुल्क 100 रुपये है। विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर आवेदन किए सकते हैं।

'शोध के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म अहम': एलयू के रसायन विज्ञान विभाग में थाइम के सहयोग से गुरुवार को एक कार्यशाला हुई। कार्यशाला में शोध को प्रभावशाली बनाने पर चर्चा हुई। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा, डॉ. नीरज कुमार मिश्रा ने कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन थाइम समूह में रसायन विज्ञान पत्रिका के अधिग्रहण संपादक डॉ. रोहित भाटिया ने किया। सत्र में सही पत्रिकाओं में प्रकाशन, ओपन एक्सेस विकल्पों से जुड़ने और प्रीप्रिंट सर्वर का लाभ उठाने के महत्व पर भी चर्चा की गई। पारंपरिक प्रकाशन से इतर डिजिटल प्लेटफॉर्म की बढ़ती भूमिका पर शोध की पहुंच को व्यापक बनाने पर भी बात की गई।

JAGRAN CITY PAGE I

पीजी कोर्स में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन शुरू

भाषा विश्वविद्यालय : प्रवेश प्रक्रिया शुरू, रजिस्ट्रेशन के लिए खुला समर्थ पोर्टल

जासं • लखनऊ: लवि में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए परास्नातक (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। आवेदन प्रक्रिया विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रवेश प्रणाली के अंतर्गत 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय और उससे सम्बद्ध/सहयुक्त महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए सबसे पहले एलयूआरएन पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसका शुल्क 100 रुपये रखा गया है, जो पूर्व की भांति ही है। पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया दोनों आवश्यक हैं। आवेदन केवल आनलाइन माध्यम से ही मान्य होंगे।

पीजी, एलएलएम, एलएलबी में सामान्य वर्ग, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग का शुल्क 1000 है। एससी और एसटी के लिए आवेदन शुल्क 500 है। पीजी मैनेजमेंट प्रोग्राम, एम.एड, बी.पीएड, एम.पीएड प्रोग्राम में सामान्य वर्ग, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस का आवेदन शुल्क 1800 और एससी-एसटी का आवेदन शुल्क 800 है।

पंजीकरण की ये है प्रक्रिया:

- सबसे पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर जाएं।
- दिए गए लिंक या पाप-अप में एलयूआरएनएस पर क्लिक करें, या सीधे जाएं: https://lkounivadm.samarth.edu.in • न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करके लागिन आइडी बनाएं। ध्यान दें कि अभ्यर्थी के पास एक वैध ईमेल आईडी पहले से होनी चाहिए, क्योंकि ओटीपी उसी पर भेजा जाएगा। • आइडी बनाने के बाद उसी पेज पर जाकर लाग इन पर क्लिक करें और नाम, माता-पिता का नाम आदि विवरण भरकर अपनी प्रोफाइल पूरी करें। • उसके बाद 100 रुपये का भुगतान आनलाइन गेटवे से करें। इसके बाद आपका पंजीकरण (एलयूआरएन) नंबर जनरेट होगा। • प्रिंट फार्म पर क्लिक करके पंजीकरण फार्म का प्रिंट कभी भी निकाला जा सकता है। यह प्रिंट प्रवेश के समय के लिए सुरक्षित रखें। • पंजीकरण (एलयूआरएन) के बाद ही उम्मीदवार प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

रजिस्ट्रेशन शुल्क

- सामान्य और ओबीसी वर्ग के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क: 500 रुपये।
- एससी/एसटी वर्ग के लिए: 250 रुपये।
- डिप्लोमा कोर्सों के लिए: 100 रुपये।

होगा। 30 जून को मेरिट लिस्ट जारी होगी। तीन जुलाई तक काउंसिलिंग व फीस जमा करने की प्रक्रिया होगी। नया शैक्षणिक सत्र एक अगस्त से शुरू होगा। बी.टेक समेत कुछ स्नातक कोर्सों में दाखिला सीयूईटी और जेईई के स्कोर के आधार पर भी लिया जा सकेगा। इससे राष्ट्रीय स्तर के परीक्षार्थियों को भी लाभ मिलेगा।

स्नातक के इन कोर्स में मिलेगा प्रवेश: बी.ए, बी.काम, बी.एससी, बी.बी.ए, बी.सी.ए, बी.एड, बीएएलएलबी, एल.एल.बी, बी.टेक व फार्मेसी कोर्स संचालित हो रहे हैं। इनमें उर्दू, अरबी, पर्सियन, हिंदी, संस्कृत, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, पाली जैसी भाषाओं के साथ फाइन आर्ट्स, सोशल साइंस आदि शामिल हैं।

'पर्यावरण, पशु, मानव में सामंजस्य से टिकाऊ रहेगा विकास'

जासं • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणिशास्त्र विभाग में गुरुवार को 36वीं अखिल भारतीय प्राणिशास्त्र कांग्रेस और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। यहां तीन दिन तक विज्ञान, सतत विकास और वैश्विक सहयोग पर मंथन किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि यीमोरेयू और पंजाब विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आरसी सोबती ने पर्यावरण, पशु और मानव स्वास्थ्य के गहरे आपसी संबंधों को बताते हुए चेताया कि यदि हम इन तत्वों में सामंजस्य नहीं बनाएंगे तो हमारा विकास टिकाऊ नहीं होगा।

विशिष्ट अतिथि यूनिवर्सिटी आफ वर्गेडी, फ्रांस के प्रो. नईम अख्तर खान ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा शोध की आवश्यकता पर बल दिया। लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय की शोधपरक उपलब्धियों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बढ़ते प्रदर्शन पर चर्चा की। सम्मेलन में भारत सहित अमेरिका, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, चेक गणराज्य, इंडोनेशिया, ताइवान, मलेशिया, नेपाल, बांग्लादेश और अबू धाबी से आए 500 से अधिक विज्ञानी, शोधकर्ता और विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। इसके तहत आठ प्रमुख क्षेत्र जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन, सतत कृषि, पर्यावरणीय स्वास्थ्य, संरक्षण जीवविज्ञान, खाद्य सुरक्षा और अंतःविषयी नवाचार पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में प्रो. वीरेन पांडे की प्रो. हर्षवर्ण फाउंडेशन ने उनके उल्लेखनीय वैज्ञानिक योगदान के लिए सम्मानित किया। पहले दिन प्रांस के प्रो. नईम अख्तर खान ने टेस्ट फार डायटरी फैट एंड ओवेसिटी, जर्मनी के डा. उलरिच बर्क ने पृथ्वी पर सतत विकास के उपकरण, नेपाल से आए डा. हरि प्रसाद शर्मा ने बड़े शिकारी जीवों की प्रतिक्रिया, वॉरलडेश के प्रो. हमीदा खानम ने रोहिंग्या शिविरों में मलेरिया के फैलाव पर विमर्श किया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार की प्रस्तुति ने नवोदित विज्ञानियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डीन स्वदेश प्रो. शीला मिश्र, विभागाध्यक्ष प्रो. एम सिराजुद्दीन, जूलजिकल सोसाइटी आफ इंडिया के अध्यक्ष प्रो. बीरेन पांडे, प्रो. अमिता कनौजिया, प्रो. कमल जायसवाल आदि रहे।

कुलपति प्रो .आलोक कुमार राय को सम्मानित करते प्रो .आरसी सोबती, साथ में प्रो .कमल जयसवाल व अन्य • जागरण

लवि के 24 विद्यार्थियों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 24 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में प्लैनेट स्पार्क में यी.सी.ए. छात्र प्रत्यूष गुप्ता और बी.टेक छात्रा अनुष्का पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट कांउसलर के पद पर 6.5 लाख छात्रा अनुष्का पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट कांउसलर के पद पर 6.5 लाख रुपये सालाना पैकेज पर हुआ।

कोलेवरा में बी.सी.ए छात्र पृथ्वीराज गुप्ता को एसोसिएट टैलेंट स्पेशलिस्ट पद पर 3.6 लाख रुपये वार्षिक पैकेज मिला। ब्रांच इंटरनेशनल में बी.टेक छात्रा मारिया खान को साफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न के रूप में प्रति माह 50,000 रुपये मानदेय पर चुना गया। आइटी नोवा में बी.टेक के 15 और बी.सी.ए के छात्र छात्रा-छात्राओं को बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी पद पर 8.2 लाख रुपये सीटीसी पैकेज पर नौकरी मिली। वीवियांड कंपनी में बी.टेक छात्र तुषार सक्सेना को एसेसिएट रिक्रूट पद पर 2.8 लाख रुपये सालाना पैकेज पर चुना गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

एकेटीयू के नौ छात्र मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर चयनित : डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में एम.बी.ए सत्र 2024-25 के नौ छात्रों का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ है। यह ड्राइव विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई थी, जिसमें श्रीराम फाइनेंस कंपनी ने प्रतिभाग किया। इस प्रक्रिया में छात्रों की पहले लिखित परीक्षा ली गई, फिर पर्सनल इंटरव्यू के लिए कुछ छात्रों को शार्टलिस्ट किया गया। कंपनी के विशेषज्ञों ने इन छात्रों का साक्षात्कार लेकर अंतिम रूप से नौ छात्रों का चयन किया। इन्हें लगभग तीन लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने चयनित छात्रों को बधाई दी। प्लेसमेंट ड्राइव डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित हुई।

सांख्यिकी की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 को

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की ओर से बी.ए और बी.एससी दूसरे सेमेस्टर (एसपी-2 ग्रुप) की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसका समय सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. मसूद एच सिद्दीकी ने इसकी विस्तृत सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की है।

शारीरिक शिक्षा की प्रायोगिक परीक्षा चार मई को : नेशनल पीजी कालेज में स्नातक स्तर पर दूसरे व चौथे सेमेस्टर में जिन विद्यार्थियों ने शारीरिक शिक्षा विभाग के पेपर लिए हैं। उनकी प्रायोगिक परीक्षा चार मई को सुबह सात बजे कालेज के आडिटोरियम-1 में होगी। विभाग के फैकल्टी राकेश पाठक को ओर से जारी सूचना के अनुसार छात्र-छात्राओं को अपना प्रोजेक्ट बनाकर लाना अनिवार्य है। अन्यथा परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। वहीं, क्लर्शल ने बैंकिंग एंड फाइनेंस विभाग ने बी.बाक और एम.बाक सम सेमेस्टर की प्रैक्टिकल एवं वायवा परीक्षा की तिथि तय कर दी। बी.बाक छठे सेमेस्टर और एम.बाक चौथे सेमेस्टर का प्रैक्टिकल तीन मई, एम.बाक दूसरे सेमेस्टर का नौ मई को होगा। वहीं, चौथे दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर फिजिकल एजुकेशन की मौखिक परीक्षा 15 मई से होगी। इसके अलावा मास्टर आफ टूरिज्म ऐंड ट्रैवल मैनेजमेंट दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 21 मई से होगी। बीपीए टूरिज्म दूसरे, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 19 मई से निर्धारित है।

TOI PAGE 4

Admission process for LU PG seats begins

3,800 Seats; Apply Online Till June 15

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University has commenced the postgraduate (PG) admission process for the academic session 2025–26. According to a notice issued by the office of admission on Thursday, eligible candidates can now submit their applications online through the university's Samarth portal.

The process began on April 24 and will continue till June 15.

Admissions are being offered over 70 postgraduate programmes, including LLM, LLB, MBA, MBA in tourism & hospitality, MEd, BPEd, and MPEd, with a total intake of approximately 3800 seats.

The application fee varies depending on the programme and applicant category. For general postgraduate programmes (including LLM and LLB), the fee is Rs 1000 for general/OBC/EWS candidates and Rs 500 for SC/ST/PwD candidates.

For PG Management programmes (MBA and MBA tourism & hospitality), MEd, and BPEd/MPEd courses, the fee is Rs 1600 for general/OBC/EWS and Rs 800 for SC/ST/PwD applicants.

Candidates from other universities must appear for an entrance examination conducted by the Lucknow University. However, LU graduates from the 2024 batch applying for PG courses at the university or its affiliated colleges are exempt from the entrance test but still complete the application process online.

To apply, candidates must first register for LURNS through the Samarth portal, accessible through the official website www.lkouniv.ac.

"Lucknow University remains committed to providing quality higher education and a transparent admission process. With over 70 postgraduate programmes and approximately 3800 seats on offer, we aim to cater to a wide range of academic aspirations. We encourage eligible candidates to explore the opportunities and apply in time through," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

Alld University PG entrance test application process begins today

TIMES NEWS NETWORK

Prayagraj: The online application process for the Postgraduate Entrance Test (PGAT) for 2025-26 session at Allahabad University (AU) and its constituent colleges will begin on April 25 and continue till May 16.

According to the director of admissions at AU, Prof JK Pati, candidates must apply through the official website. Admissions will be conducted for 7,231 PG seats across a total of 55 subjects. Traditional postgraduate courses are included in PGAT-1, with examinations conducted both offline and online. The non-traditional courses are included in PGAT-2025, with entrance examinations conducted online only. The list of courses is available in the PGAT-2025 brochure.

"We have advised the applicants to fill in the code of their chosen subject carefully, as no changes related to the subject will be accepted at any stage of PGAT admission," said Prof Pati. Candidates will need to take an additional exam from the department concerned for MBA programmes.

The director added that NCC weightage and sports quota will not be applicable in B.Ed, M.Ed, MBA and MBA-RD.

लविवि: कैंपस प्लेसमेंट में 24 छात्रों को मिली नौकरी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विवि के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 24 छात्रों को नौकरी मिली है। इनका चयन कोलैवरा, वी बियॉन्ड, ब्रांच इंटरनेशनल, आईटी नोवा और प्लैनेट स्पार्क कंपनी में हुआ है।

प्लेसमेंट सेल के अपर निदेशक डॉ. हिमांशु पांडेय के मुताबिक, प्लैनेट स्पार्क कंपनी में बीसीए के छात्र प्रत्यूष गुप्ता, बीटेक की छात्रा अनुष्का का चयन बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर 6.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। कोलैवरा कंपनी में बीसीए के छात्र पृथ्वीराज गुप्ता को एसोसिएट टैलेंट स्पेशलिस्ट पद के लिए 3.6 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर चुना गया है। ब्रांच इंटरनेशनल कंपनी में बीटेक की छात्रा मारिया खान को सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न के रूप में प्रति माह 50,000 रुपये के मानदेय पर चयनित किया गया है। इसके अतिरिक्त आईटी नोवा कंपनी में बीटेक के 15 छात्र-छात्राओं (सौम्या सिंह, रिया श्री गुप्ता, ताहिरा फजल, स्वेत सिंह, अमरेन्द्र मणि, अकील रव्वानी, देवांश श्रीवास्तव, अनन्या साहनी, आदित्य गुप्ता, आकाश वर्मा, अंकित कुमार, मनीषा वर्मा, मुदित मेहरोत्रा, नैनसी राज, हर्षिनी सक्सेना) और वीसीए के चार छात्रों (राहुल साहू, सिद्धार्थ राघव, शिवानी राठौर, जय सिंह) को विजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर 8.2 लाख रुपये सीटीसी पैकेज पर चुना गया है। वहीं वीवियॉन्ड कंपनी में बीटेक के छात्र तुषार सक्सेना का चयन एसोसिएट रिक्रूटर के पद पर 2.8 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

अधिकतम आठ लाख रुपये के पैकेज पर हुआ चयन

ब्रांच इंटरनेशनल कंपनी में बीटेक की छात्रा मारिया खान को सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न के रूप में प्रति माह 50,000 रुपये के मानदेय पर चयन किया गया है। आईटी नोवा कंपनी में बीटेक के 15 छात्रों, बीसीए के चार छात्रों को बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर 8.2 लाख रुपये सीटीसी पैकेज पर चयन हुआ है।

वी बियॉन्ड कंपनी में बीटेक के छात्र तुषार सक्सेना का चयन एसोसिएट रिक्रूटर के पद पर 2.8 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, सीपीसी निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय और डीन प्रो. एक सिंह ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी।

शोध में गुणवत्ता के लिए शोधार्थी दिखाएं सक्रियता

लखनऊ। लखनऊ विवि के रसायन विज्ञान विभाग और थाइम की ओर से प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में सफलता के लिए रणनीति पर शोध दृश्यता और प्रभाव बढ़ाने वाली कार्यशाला हुई।

कार्यशाला में बोले विभागाध्यक्ष

विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने कहा, शैक्षणिक और वैज्ञानिक वातावरण में केवल गुणवत्तापूर्ण शोध करना ही पर्याप्त नहीं है। यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम करना चाहिए कि उनके कार्य को दृश्यता और मान्यता मिले, जिसके वह हकदार हैं।

इस दौरान समन्वयन विभाग की ओर से डॉ. नीरज कुमार मिश्रा, डॉ. विनय कुमार सिंह, थाइम से विनीत शर्मा, रसायन विज्ञान पत्रिका के अधिग्रहण संपादक डॉ. रोहित भाटिया मौजूद रहे। (संवाद)

LU में शुरू हुई 36वीं जूलॉजी कांग्रेस

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** लखनऊ यूनिवर्सिटी के जूलॉजी डिपार्टमेंट ने 36वीं अखिल भारतीय प्राणीशास्त्र कांग्रेस और इन्नोवेशन इन लाइफ साइंसेज फॉर सस्टेनेबल डिवेलपमेंट: बायोडायवर्सिटी, एनवायरनमेंट, हेल्थ एंड फूड सिक्योरिटी (ILSSD-2025) अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की गुरुवार को शुरुआत की। तीन दिवसीय सम्मेलन में में जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र पुनरुथापन, जलवायु परिवर्तनजैसे विषयों पर चर्चा होगी। पहले दिन प्रो. बीएन पांडेय को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रो. नईम अख्तर खान (फ्रांस), डॉ. उलरिच बर्क (जर्मनी), डॉ. हरि प्रसाद शर्मा (नेपाल), प्रो. हमीदा खानम (बांग्लादेश) प्रो. शीला मिश्रा, प्रो. बीएन पांडेय, प्रो. एम सिराजुद्दीन, प्रो. अमिता कनौजिया, प्रो. कमल जायसवाल आदि रहे।

HINDUSTAN PAGE 7

लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रोफेशनल और परास्नातक सामान्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत

एलयू में पीजी की सीटों पर आवेदन शुरू

मिशन एडमिशन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत गुरुवार से परास्नातक प्रोफेशनल के साथ ही रास्नातक सामान्य पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं।

अभ्यर्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट lkouniv.ac.in पर दिए गए लिंक पर क्लिक कर समर्थ पोर्टल के माध्यम से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। उनका कहना है कि विवि के 40 से ज्यादा विभागों में 73 परास्नातक पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनकी पांच हजार से अधिक सीट के लिए आवेदन आरंभ हो गए हैं। प्रवेश परीक्षा के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा। आवेदन के लिए एलयूआरएन पंजीकरण अनिवार्य होगा। प्रवेश के लिए फॉर्म भरने से पहले एडमिशन ब्रोशर जरूर पढ़ें।

प्रवेश समन्वयक के मुताबिक परास्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में शामिल एमएड, बीपीएड, एमपीएड, एमबीए व एमटीटीएम के लिए भी आवेदन किए जा सकते हैं। साथ ही जो कॉलेज केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होंगे, उनके यहां प्रवेश भी विवि ऑनलाइन करेगा। केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था में शामिल होने की प्रक्रिया पिछले वर्ष की तरह ही इस बार होगी।

यह होगा आवेदन शुल्क

प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परास्नातक पाठ्यक्रमों के साथ ही एलएलएम और एलएलबी के सामान्य, ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों का आवेदन शुल्क एक हजार व एससी-एसटी वर्ग के लिए पांच सौ रुपये होगा। पीजी मैनेजमेंट पाठ्यक्रम एमबीए और एमटीटीएम और एमएड, एमपीएड व बीपीएड पाठ्यक्रम में सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 1600 और एससी-एसटी वर्ग के लिए 800 रुपये होगा।

टोल फ्री पर करें कॉल

आवेदन फॉर्म भरने में किसी तरह की समस्या आने पर विद्यार्थी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अभ्यर्थी 0522-4150500 पर कॉल करके प्रवेश से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

72 घंटे से पहले दोबारा फीस न जमा करें छात्र-छात्राएं

ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी फॉर्म भरने के पूर्व एडमिशन वाउचर में दिए सभी निर्देश अवश्य पढ़ लें। अभ्यर्थी की फोटो और सिग्नेचर की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर हो। यदि किसी अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर होनी चाहिए। वहीं, एक बार प्रवेश फॉर्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद अभ्यर्थी 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें। आवेदन करने के लिए एलयूआरएन पंजीकरण अनिवार्य है।

40 विभागों के 73 कोर्सों में 5062 सीटों पर प्रवेश

- समर्थ पोर्टल के माध्यम से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते
- आवेदन के लिए अनिवार्य होगा एलयूआरएन का पंजीकरण कराना

इनमें भी होंगे दाखिले

पाठ्यक्रम	सीट
एलएलबी तीन वर्षीय	320
एलएलएम	60
अस्पताल प्रशासन	40
जनसंख्या अध्ययन	40
पब्लिक हेल्थ	55
पब्लिक हेल्थ	40
समाज कार्य रेगुलर	44
समाज कार्य सेल्फ फाइनेंस	60
पब्लिक हेल्थ इन न्यूट्रीशिनल साइंसेज	30
एमबीए या एमएफए	75
एमटीटीएम	60
बीपीएड	100
एमपीएड	30
एमएड	30

सीटों का विवरण

परास्नातक पाठ्यक्रम

एमए के 35 विषय कुल सीटें 2126

एमए प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व की 180, मानवशास्त्र 30, अरब कल्चर 30, अरेबिक 30, बायोस्टैटिस्टिक्स 10, बिजनेस इकनॉमिक्स 60, कंपोजिट हिस्ट्री 40, क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन 40, रक्षा अध्ययन 25, अर्थशास्त्र रेग्युलर 120 और सेल्फ फाइनेंस 60, शिक्षाशास्त्र 30, अंग्रेजी 200, फॉ